दिन–सोमवार दिनांक– 30/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। श्री कुमार ने अपना इस्तीफा पत्र विधान पार्षद संजय गांधी के माध्यम से विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह को सौंपा है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं। विधान परिषद सचिवालय ने श्री कुमार के इस्तीफे को स्वीकृत किये जाने का पत्र जारी कर दिया है। इधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा के नवनिर्वाचित सांसद नितिन नवीन ने भी आज विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने उनका इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार को आज सौंप दिया। श्री सरावगी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि श्री नवीन ने कल ही अपना इस्तीफा अध्यक्ष महोदय को देने के लिए दिया था। विधानसभा अध्यक्ष श्री कुमार ने कहा कि श्री नवीन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है और आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रभारी सचिव को भेज दिया गया है।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल नालंदा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। यह राष्ट्रपति मुर्मु का राजगीर तथा नालंदा विश्वविद्यालय का प्रथम दौरा होगा। दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के नव उद्घाटित स्थाई परिसर में किया जाएगा। विश्वविद्यालय ने इस संबंध में विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बाईसवें आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान घोषित दक्षिण पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र का औपचारिक शुभारंभ भी होगा। इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

———————————————————

केंद्र सरकार ने एक राजपत्र अधिसूचना जारी कर इक्कीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उच्च गुणवत्ता वाले केरोसिन तेल के वितरण की अनुमति दी है। यह निर्णय विश्वभर में ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर रही भू–राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसका उद्देश्य उन क्षेत्रों में खाना पकाने और प्रकाश व्यवस्था की जरूरतों को पूरा करना है जहां सामान्य परिस्थितियों में केरोसिन का उपयोग बंद कर दिया गया था।

———————————————————————

प्रदेश में सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की छुट्टी प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए ई–शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से आवेदन लिया जाएगा। मैन्युअल प्रक्रिया खत्म हो जाएगी, इससे आवेदन अधिकारियों तक शीघ्र प्राप्त होंगे और उनका निष्पादन भी जल्द हो सकेगा। ऑनलाइन सिस्टम के तहत आवेदन में छुट्टी का कारण भी बताना होगा।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज जिले में एक–दो स्थानों पर हल्की बारिश हुयी है। वहीं, मधुबनी में तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर कच्चे मकानों को नुकसान हुआ है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, रोहतास, भभुआ और औरंगाबाद समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर तेज आंधी चलने की आशंका है। इस दौरान कुछ जगहों पर वज्रपात और हल्की बारिश भी हो सकती है।

———————————————————————

राज्य में सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए पटना स्थित राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय में एक क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ उप महानिदेशक रौशन लाल साहू ने किया।

जमुई जिले के बटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी गांव के पास एक मोटरसाइकिल की चार पहिया वाहन से भीषण टक्कर हो गयी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गयी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।